न्यूज ब्रीफ

## मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**मीरगंज, अमृत विचार :** नगरिया सादात रेलवे फाटक मौर्य नगर के पास रविवार को एक महिला मालगाड़ी की चपेट में आ गई। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम के समय तेज आवाज के साथ मालगाड़ी गुजर रही थी, तभी महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। हादसा इतना गंभीर था कि महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और रेलवे तथा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से महिला की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी कोशिशों के बावजूद उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। महिला की उम्र लगभग 50 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी जाएगी।

# 15 साल में इमारत हैंडओवर हुई नहीं, जर्जर हो गई

संवाददाता, बहेड़ी

- सुशीला तिवारी कॉलेज में 15 साल पहले पैकफैड की बनाई इमारत आज भी बंद
- डीआईओएस को पता ही नहीं इमारत के बारे में, क्या होगी किसी के खिलाफ कार्रवाई

**अमृत विचार:** व्यवस्था और प्रशासन की लापरवाही का जीता जागता प्रमाण सुशीला तिवारी पीएम राजकीय कन्या इंटर कालेज में बना वह भवन है जो 15 साल पहले जोर शोर से लाखों रुपये खर्च करके तैयार तो किया गया लेकिन यह आज तक कॉलेज को हैंडओवर ही नहीं किया गया। पैकफैड संस्था द्वारा निर्मित यह भवन अभी तक हैंडओवर क्यों नहीं हुआ है। इसकी जानकारी किसी जिम्मेदार के पास भी नहीं है। ताज्जुब तो तब हुआ जब डीआईओएस को भी इस बात की जानकारी नहीं है कि भवन अभी तक कॉलेज को हैंडओवर नहीं हुआ है। प्रशासन की इस लापरवाही के पीछे कई सवाल उठ रहे हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारों के बीच छात्राओं की शिक्षा के लिए तैयार इमारत हर कोई खंडहर होते देखते रहा? इतनी बड़ी इमारत बनाने के बाद कॉलेज को हैंड ओवर क्यों नहीं हुई? कौन इसके लिए दोषी है? कॉलेज प्रशासन ने इस मामले में अपने स्तर से क्या कार्रवाई की, और अगर नहीं की, तो क्यों?

शहर के बीचोबीच स्थित सुशीला तिवारी पीएम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कई साल पहले 45 सौ स्क्वायर फिट में पैकफैड संस्था ने कॉलेज के लिए एक इमारत बनाई, लेकिन यह भवन कॉलेज को आज तक हैंडओवर ही नहीं किया गया। 2011 में बनी यह इमारत 15 साल से बंद पड़ी है, और अब जर्जर हो चुकी है, लेकिन इसे सफेद हाथी बनाकर क्यों खड़ा कर दिया गया है, यह बताने वाला कोई नहीं। इस दौरान कॉलेज में न जाने कितनी बार शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अधिकारी आए-गए, लेकिन इस इमारत को ''जिंदगी'' देने की बात किसी ने नहीं की।





पैक्सफेड ने इमारत बनाई लेकिन इसे कालेज को हैंडओवर नहीं किया। प्रिसिंपल आवास भूतिया खंडहर में तब्दील हो गया।

सुशीला तिवारी पीएम राजकीय इंटर कॉलेज में बनी इस इमारत में तीन प्रयोगशाला और कई क्लास रूम बताए गए। वैसे उस इमारत के अंदर क्या -क्या है, यह कॉलेज के किसी आदमी को सही-सही पता नहीं। कॉलेज के किसी स्टॉफ को यह भी नहीं पता कि यह किस सन में बनी। किसने बनाई, यह भी नहीं पता, और कॉलेज को हैंडओवर क्यों नहीं हुई, यह भी कोई नहीं जानता। वह तो बस इसको खंडहर होते अपनी आँखों से देख रहे हैं।

कॉलेज के प्रिंसिपल शनिवार को कॉलेज में नहीं मिलीं। कॉलेज के दूसरे स्टॉफ को इस इमारत के बारे में इतना ही पता है कि वह हैंडओवर नहीं हुई है। हाँ इतना ज़रूर पता चला कि प्रोजेक्ट अलंकार को इस इमारत का जीर्णोद्वार कराने के लिए लिखा गया है।

कॉलेज में 600 छात्राएं शिक्षा पा रही हैं। छात्राओं के हिसाब से कॉलेज में रूम और प्रयोगशाला कम हैं। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी का प्रैक्टिकल एक ही लैब से कराया जा रहा है। गर्ज़ यह कि अगर खंडहर हो रही इमारत का इस्तेमाल कॉलेज के लिए होने लगे, तो छात्राओं को कोई परेशानी न रहे, मगर कॉलेज के ज़िम्मेदार इस इमारत को खंडहर होते तो देखते रहे, लेकिन उसे हासिल करने के लिए पीछे नहीं पड़े। यह बात इसी से समझी जा सकती है कि ज़िला विद्यालय निरीक्षक को इस बारे में कुछ पता नहीं है।

### प्रिंसिपल का आवास भी खंडहर हो चुका

कॉलेज की इमारत बनने के साथ ही यहाँ प्रिंसिपल का आवास भी बनाया गया था, लेकिन यह इस वक़्त खंडहर में बदल चुका है। इसके अंदर बड़े –बड़े पेड़ खडे हो गए हैं. झाड झंगाड़ लगा है। बाहर लगा हैंड पम्प भी ख़राब पड़ा है। गर्ज़ यह कि देखभाल के अभाव में पूरा आवास भूतिया खंडहर बन चुका है।



राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 45 सौ स्क्वायर फिट में बनी इमारत का खंडहर हो जाना बेहद दु:ख दाई और चिंतनीय है। इमारत हैंड ओवर न करने के मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस मामले में उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। – **महेश शर्मा, सभासद**



बहेड़ी के सुशीला तिवारी पीएम राजकीय इंटर कॉलेज में बनी इमारत हैंडओवर ही नहीं हुई, यह तो बेहद आश्चर्यजनक है। मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। यह गंभीर मामला है, और सोमवार को इस बारे में जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

–**डा. अजीत कुमार,** ज़िला विद्यालय निरीक्षक

# ब्राह्मणों ने लिया सनातन की रक्षा का संकल्प

## जिले में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती, आंवला में परशुराम चौक पर भूमि पूजन और फरसा स्थापित

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। सर्व समाज के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा का शुभारंभ पुरैना मंदिर से हुआ। यह महाराणा प्रताप चौक आदि जगहों से होते हुए सोसायटी रोड पर सम्पन्न हुई।

बेहटाजुनू चौराहे पर प्रस्तावित परशुराम चौक निर्माण के लिए ब्राह्मण समाज ने भूमि पूजन कर फरसा स्थापित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शर्मा उर्फ पप्पू भरतौल, महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडेय, नितिन महाराज व अवनीश तिवारी एडवोकेट आदि मौजूद रहे। पूजन पं. कृष्णपाल शर्मा, पं. सचिन शर्मा और पं. रमेश चंद शास्त्री ने विधि-विधान से संपन्न कराया।

शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। पुरैना स्थित महाराणा प्रताप चौक पर राजकुमार सिंह, नवीन सिंह, जयगोविंद सिंह व सुदेश सिंह उर्फ भूरे ने स्वागत किया। टेडेश्वर मंदिर व चाचा नेहरू इंटर कॉलेज गली में कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह सहित अन्य लोगों ने पुष्प वर्षा की। भुर्जी टोला और पक्का कटरा में भी उत्साह देखा गया। सभा में वक्ताओं ने परशुराम के जीवन व उनके तेज, संकल्प और धर्म रक्षा के संदेश पर प्रकाश डाला। साथ ही सनातन धर्म की एकता, संस्कृति और राष्ट्र के संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि समाज सदैव एकजुट रहा है और रहेगा। नगरपालिका परिषद द्वारा परशुराम चौक निर्माण प्रस्ताव पारित करने पर आभार भी व्यक्त किया गया। शोभायात्रा में पूर्व विधायक आरके शर्मा, पवन मिश्रा, कुलभूषण श्रेष्ठ, आर्येंद्र सिंह मनौना धाम, आर्यन उपाध्याय, लाले महाराज, शुभ महाराज, सुनील शर्मा, आशीष शर्मा, विशाल शर्मा, नितिन शर्मा, आशीष हिंदू, संतोष पांडे, रिषभ शर्मा, अनुपम शंखधार, यथार्थ शर्मा आदि रहे।



आंवला में भूमि पूजन के बाद चौक पर फरसा स्थापित करते पूर्व विधायक पप्पू भरतौल

**परशुराम के जीवन पर प्रकाश डाला: बहेड़ी:** परशुराम जयंती के मौके पर भगवान परशुराम की पूजा की गई। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

राम जानकी मंदिर के सभागार में ब्राह्मण सभा, बहेड़ी की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निर्वत्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी फ़तेह चंद्र शर्मा ने की। वरिष्ठ ब्रह्मण को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। भगवान परशुराम के कार्यों से लोगों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में किशन स्वरूप शर्मा सुभाष चंद्र शर्मा अनुराग पाराशरी उमेश चंद्र शर्मा नारायण शर्मा राकेश मिश्रा संजीव मिश्रा व ललित शर्मा आदि रहे।

**फतेहगंज पूर्वी :** नगर समेत क्षेत्र में परशुराम जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई। लोगों ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की तथा हवन इत्यादि किया। जयंती मनाने वालों में प्रमुख रूप से पवन राज मिश्रा, अरुण मिश्रा, अनु मिश्रा, अंश मिश्रा, उत्तम शंखधार, अनुज मिश्रा, पंडित उमेश शास्त्री, सत्येंद्र मिश्रा, आदि शामिल थे।

**सिरौली** में भगवान परशुराम जन्मोत्सव इस बार सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन शक्ति का प्रदर्शन और अन्याय के खिलाफ खुला हुंकार बनकर सामने आया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित राकेश कुमार शास्त्री ने की, हिंदू हेल्पलाइन के जिला अध्यक्ष नितिन पांडे का नेतृत्व साफ दिखाई दिया।

### अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती मनाई

**मीरगंज, अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर पब्लिक स्कूल में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, कार्यक्रम संयोजक नितिन शर्मा ने बताया कि विप्र समुदाय का यह कार्यक्रम समाज में एकता, संस्कृति और जागरूकता का संदेश दे रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम केवल शस्त्र के नहीं, बल्कि शास्त्र के भी प्रतीक थे। उनका जीवन सत्य, धर्म, न्याय और अधर्म के विरोध का संदेश देता है। इस अवसर पर सुधीर शर्मा, अशोक उपाध्याय, रामसेवक शर्मा, जय किशन शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, सचिन तिवारी, शिवलेश पांडे, हरीश शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, अरुण तिवारी, ओमकार मिश्रा, गोपाल शर्मा, अनुज पांडे, मनोज शर्मा, देवेंद्र पाराशरी और अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज ने निकाली भव्य रैली

**फरीदपुर, अमृत विचार :** परशुराम जन्मोत्सव पर नगर में ब्राह्मण एकता मंच के नेतृत्व में भव्य बाइक–कार रैली निकाली गई। नये रोडवेज बस स्टैंड से शुरू हुई रैली हाईवे बाईपास होते हुए बीसलपुर रोड स्थित बारात घर पर संपन्न हुई। रैली काजगह–जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश मिश्रा पप्पू भरतौल, नारद मुनि गौड़, जिला पंचायत सदस्य नितिन पाठक, राजू उपाध्याय, समर्थ मिश्रा, ब्रह्मेन्द्र मिश्रा, अनुज शर्मा, देवदत्त शर्मा, कैप्टन पी सी शर्मा, चेयरमैन फतेहगंज पूर्वी संजय पाठक, पवनराज मिश्रा, नरेश शर्मा, पूर्व प्रधान शालू शर्मा, अचिन शर्मा, अजय भारद्वाज, स्वतंत्र शर्मा, नवीन शर्मा, मनोज पांडे, अविनाश मिश्रा, चन्दन शुक्ला, नितिन पांडे, अतुल मिश्रा, सूरज मिश्रा, रचित शर्मा, अम्बर पांडे, संजीव शर्मा, अनूप नारायण मिश्रा, अवनीश शंखधार आयोजक अमित पाण्डेय, विशाल पाण्डेय, अनुज पाण्डेय, अतुल अग्निहोत्री रहे।

### भुता में धूमधाम से मनायी परशुराम जयंती



**भुता :** कस्बा में राम जानकी मंदिर के परिसर में भगवान परशुराम जयंती ब्राह्मण समाज की लोगों ने पूजा अर्चना कर बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनायी। राम जानकी मंदिर के परिसर में ब्राह्मण समाज के लोगो ने एकत्र होकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर समर्थ मिश्र, गंगेश कुमार पाराशरी अखिलेश कुमार पाराशरी राजेश कुमार पाराशरी, राजेश मिश्रा, रामरतन शर्मा नाथूलाल शर्मा सूरज गंगवार, पंकज शर्मा उप्पल शर्मा आदि रहे।

## शराब बनाते मर्द तो शराब बेचते महिला पकड़ी

**बहेड़ी, अमृत विचार :** महिलाएं भी अवैध शराब के धंधे में शामिल हैं। गांव पचपेड़ा में पुलिस की कार्रवाई के दौरान एक महिला शराब के साथ पकड़ी गई। पुलिस ने यहाँ अवैध शराब बनाने की भट्टी भी पकड़ी। पुलिस ने शराब बनाने के धंधेबाज़ को भी गिरफ्तार किया है।

बहेड़ी में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने गांव पचपेड़ा में कोआपरेटिव फार्म वाले रास्ते पर शराब की भट्टी पकडी जहां पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने यहाँ 20लीटर तैयार शराब, शराब बनाने का लहन और शराब बनाने के सामान भी ज़ब्त किए। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम खेमपाल बताया, जो पचपेड़ा का ही रहने वाला है। इसके अलावा पुलिस ने सीरसम वाले बाबा के मंदिर को जाने वाले मार्ग पर चेकिंग के दौरान अनीता पत्नी गिरजेश निवासी पचपेड़ा को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। वह शराब बेचने के लिए जा रही थी।

## जनगणना कर्मियों की ट्रेनिंग आज से

**मीरगंज, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में मतगणना में लगे कर्मचारियों की ट्रेनिंग सोमवार यानी आज से स्वामी दयानंद डिग्री कालेज मीरगंज में होगी। पहले चरण की ट्रेनिंग सोमवार से तीन दिन चलेगी। दूसरे बैच की 23 से, तीसरे बैच की 27 से एवं चौथे बैच की ट्रेनिंग पांच से सात मई तक होगी।

## ... अरे कहीं पेशगी भी हाथ से न निकल जाए!

**बहेड़ी की डायरी/शुऐब**

अपनी मुंशीपलटी चलाने वाली जमात परेशानअपनी मुंशीपलटी चलाने वाली जमात इन दिनों खासा संकट झेल रही है। तालाब वालों से बड़ी मुश्किल से सौदा तय हुआ था। साढ़े चार पेटी पेशगी दी गई थी और 35-35 फी नफर का हिसाब लगाकर बाकी रकम बाद में देने का वादा था। यह पेशगी भी जमात के ही एक साहब के पास जमा थी। लेकिन तालाब का मिजाज कब बदल जाए, कोई भरोसा नहीं। कब पानी भर जाए और कब पटने की उम्मीद जगे, यह अनिश्चितता ही पूरी कहानी बिगाड़ रही है।

साब लोगों का कहना है कि तय रकम पूरी मिलनी चाहिए, तभी बंटवारा होगा। वहीं तालाब वालों का तर्क है कि जब तक काम पूरा न हो, तब तक भुगतान क्यों किया जाए। इसी खींचतान के बीच जब हालात बिगड़ते दिखे तो कागज-कलम निकाले गए। एक तहरीर तैयार हुई और साथियों से उस पर मोहर लगाने को कहा गया। देखते ही देखते दस्तखत और अंगूठों की लाइन लग गई, कुल मिलाकर दो कम पच्चीस लोग तैयार हो गए।

तालाब वाले इस एकजुटता से घबरा गए। उन्होंने साफ कह दिया कि जो पेशगी दी गई है, उसी को आपस में बांट लो, आगे कुछ नहीं मिलेगा। इसके बाद फिर एक संदेश जारी हुआ, सब अपने-अपने बारकोड डालें। ग्रुप में तेजी से बारकोड आने लगे, हालांकि कुछ लोग कम रकम पर राजी नहीं हुए। अब सबकी नजर आगे की स्थिति पर टिकी है।

**सियाने तो ताड़ने की नजर रखते ही हैं**

लकड़ियों के बंडल की ताकत बचपन से पढ़ाई जाती है, लेकिन असल जिंदगी में यह बंडल कम ही नजर आता है। हरी-सफेद टोपी वालों की हालत भी कुछ ऐसी ही है। दिखते तो सभी किसानों के हितैषी हैं, बाबा टिकैत का नाम भी लेते हैं, लेकिन उनकी जमातें इतनी बंटी हुई हैं कि गिनना मुश्किल है।

हर हफ्ते कोई न कोई जमात गन्ना भुगतान को लेकर आवाज उठाती है। आश्वासन भी मिलते हैं, लेकिन अक्सर सिर्फ टरकाने के लिए। पिछले साल का भुगतान बाकी था ही, इस साल का भी जुड़ गया। मिल मालिकों ने कान बंद कर लिए और हाकिमों ने भी टालमटोल शुरू कर दी।

हाल ही में एक जमात ने शोर मचाया तो थाने पहुंचा दी गई। उसी दिन दूसरी जमात भी पहुंची, लेकिन उसने अपने ही साथियों के लिए आवाज तक नहीं उठाई। बिखरी ताकत का यही नतीजा होता है। हालांकि, खाकी वर्दी वाले एक साहब ने बीच-बचाव कर उन्हें सम्मान के साथ बाहर निकलवाया।

**और चलते-चलते**

इस हफ्ते सियासत में नीले रंग की खास झलक देखने को मिली। फूल वाले, साइकिल वाले और पंजे वाले, सब नीले रंग में रंगे नजर आए। हाथी वालों के लिए तो यह रंग पहले से ही पहचान है। हर कोई अंबेडकर के गुणगान में जुटा दिखा। अब यह कहना मुश्किल है कि यह सच्चा सम्मान है या सियासी मजबूरी।

## सिरौली में कम दाम पर गेहूं बेचने को किसान मजबूर

संवाददाता, सिरौली

- दो दर्जन गांवो के किसान सरकारी खरीद से वंचित

**अमृत विचार :** सरकार के दावों के बावजूद सिरौली नगर और आसपास के गांवों में गेहूं खरीद व्यवस्था पूरी तरह चरमराई नजर आ रही है। करीब 50 हजार आबादी वाले सिरौली और उससे जुड़े दो दर्जन गांवों के हजारों किसान इस वर्ष भी सरकारी खरीद से वंचित रह गए हैं। क्षेत्र में एक भी सरकारी क्रय केंद्र न होने से किसानों को अपनी उपज सस्ते दामों पर व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

पहले सिरौली की साधन सहकारी समिति पर गेहूं खरीद केंद्र संचालित होता था, जिससे किसानों को राहत मिलती थी, लेकिन पिछले कई वर्षों से यह केंद्र बंद पड़ा है। वर्तमान में किसानों को सरकारी तौल के लिए लगभग 15 किलोमीटर दूर बड़ागांव जाना पड़ता है। छोटे और मध्यम किसानों के लिए यह दूरी और परिवहन खर्च भारी पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि लंबी दूरी, खर्च और समय की बर्बादी के कारण वे स्थानीय आढ़तियों को ही गेहूं बेचने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें समर्थन मूल्य से कम कीमत मिल रही है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सिरौली में जल्द गेहूं खरीद केंद्र पुनः शुरू किया जाए, अन्यथा उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

### रजनीश के दो हत्यारों को जेल भेजा

**कैंट, अमृत विचार :** बीते साल 30 अक्टूबर की रात युवक को उसके घर से बर्थडे पार्टी में बुलाकर ले गए ले गए तीन दोस्तों द्वारा जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं तीसरा वांछित आरोपी फरार बताया जा रहा है। थाना कैंट क्षेत्र के नकटिया स्थित आदर्श नगर कॉलोनी गली नंबर 6 निवासी रजनीश (28) 30 अक्टूबर की रात अपने घर पर काम कर रहा था। इसी दौरान उसका दोस्त शेखर तोमर, हर्ष यादव उर्फ हैप्पी तथा शकील उसे ले गये। रात उपरोक्त तीनों आरोपी रजनीश को बेहोशी की हालत में घर के बाहर छोड़कर चले गए। इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि बिसरा रिपोर्ट के अनुसार रजनीश की मौत जहरीले पदार्थ से होने की पुष्टि हुई है।



